आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.05.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2026 के लिए नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से पांच जुलाई तक भेजे जा सकते हैं।
2. प्रशासन ने लोगों से द्वीपसमूह के इतिहास से संबंधित जानकारियां जिला अभिलेख सर्वेक्षण समिति के साथ साझा करने की अपील की है ।
3. चलचित्र अंडमान निकोबार फिल्म महोत्सव के तहत आज शाम साढ़े पांच बजे से फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा।
4. समाज कल्याण विभाग सहायक उपकरणों के वितरण के लिए दिव्यांगता मूल्यांकन शिविरों का आयोजन करेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार–2026 के लिए उच्च शिक्षा विभाग ने नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल www.awards.gov.in के माध्यम से पांच जुलाई तक भेजे जा सकते हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद इन पुरस्कारों का संस्थागत भागीदार है। महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों, उच्च शिक्षण संस्थानों और पॉलिटेक्निक के निर्धारित मानदंड पूरा करने वाले नियमित संकाय सदस्यों को ये पुरस्कार प्रदान किए जाते हैं।

<><><><><><><>

द्वीपों के उप–राज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी के जोशी ने क्षेत्रीय अभिलेख सर्वेक्षण समिति को जिला अभिलेख सर्वेक्षण समिति के नाम से गठित किया है। यह समिति तीनों जिलों के लिए गठित की गई है। उप–समिति का मुख्य कार्य द्वीप समूह के इतिहास से संबंधित अभिलेखों, दस्तावेजों, तस्वीरों, पांडुलिपियों आदि का सर्वेक्षण करना और उनकी सूची तैयार करना है। प्रशासन ने कहा है कि जिन व्यक्तियों या निजी संस्थानों के पास ऐसी जानकारियां उपलब्ध है, वे इनकी मूल प्रतियाँ या फोटोकॉपी अभिलेखागार सचिवालय में व्यक्तिगत रूप से या फोन नंबर 230695 पर संपर्क कर जमा कर सकते हैं। फोटोकॉपी करवाने में यदि कोई खर्च आता है, तो उसका वहन प्रशासन द्वारा किया जाएगा। इसके अलावा जो भी व्यक्ति या संस्थान

अपने अभिलेखों और दस्तावेजों को अभिलेखागार के साथ साझा करेंगे उन्हें क्षेत्रीय अभिलेख सर्वेक्षण समिति द्वारा उचित रूप से मान्यता प्रदान की जाएगी।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत, एकीकृत फसल कटाई–पश्चात प्रबंधन परियोजना में किसानों और उद्यमियों को सब्सिडी प्रदान की जाएगी। योजना के अंतर्गत, बागवानी उत्पादों की हैंडलिंग, पैकेजिंग, ग्रेडिंग, परिवहन, क्योरिंग, अल्पकालिक भंडारण और दीर्घकालिक भंडारण जैसी गतिविधियों के लिए सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस परियोजना में प्री–कूलिंग यूनिट, ऑन–फार्म पैक हाउस, मोबाइल प्री–कूलिंग यूनिट, स्टेजिंग कोल्ड रूम, नियंत्रित वातावरण सुविधाओं के साथ या उनके बिना कोल्ड स्टोरेज यूनिट, रेफ्रिजरेटेड वैन, कंटेनर और प्राथमिक मोबाइल प्रसंस्करण यूनिट की स्थापना शामिल है। पात्र लाभार्थियों को परियोजना लागत पर पचास प्रतिशत तक क्रेडिट लिंक्ड बैंक एंडेड सब्सिडी दी जाएगी। इस योजना का लाभ व्यक्तिगत उद्यमियों, सहकारी समितियों, किसान उत्पादक संगठनों और स्वयं सहायता समूहों को मिलेगा। योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों में अधिकतम बारह लाख पचास हजार रूपए से लेकर अस्सी लाख रूपए तक के सहायता का प्रावधान है। वहीं, कोल्ड स्टोरेज परियोजनाओं के लिए भी अलग–अलग दरों से सब्सिडी दी जाएगी। इच्छुक लाभार्थी कृषि विभाग से संपर्क करके आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं, अधिक जानकारी के लिए कृषि निदेशालय से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में जनगणना 2027 के मकान सूचीकरण, का कार्य संपन्न हो गया है। इस जनगणना को डिजिटल माध्यम, निगरानी पोर्टल और मोबाइल एप्लिकेशन का उपयोग करके पूरा किया गया। अब जनसंख्या गणना फरवरी 2027 में आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम के सहयोग से चलचित्र अंडमान निकोबार फिल्म महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह महोत्सव 13 जून तक प्रत्येक शुक्रवार और शनिवार को आयोजित किया जाता है। इसी क्रम में आज शाम साढ़े पांच बजे से मानवविज्ञान सभागार में मिर्च मसाला का प्रदर्शन किया जाएगा, कल सुबह 11 बजे से विलेज रॉकस्टार्स और शाम साढ़े पांच बजे से मंजुम्मेल बॉयज़ प्रदशिर्त की जाएगी। विभाग फिल्म प्रदर्शन से पहले निशुल्क लघु फिल्म निर्माण

कार्यशाला का भी आयोजन कर रहा है, जिसके लिए पंजीकरण गूगल फार्म तथा क्यू आर कोड के माध्यम से किया जाएगा।

<><><><><><><>

समाज कल्याण विभाग द्वीप समूह के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों के लिए एडिप और आरवीवाई योजना के अंतर्गत सहायक उपकरणों के वितरण हेतु दिव्यांगता मूल्यांकन शिविरों का आयोजन करेगा। समग्र क्षेत्रीय केन्द्र, पीएमडीके, आर्टिफ़िशियल लिम्ब्स मैन्युफैक्चरिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया और इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के समन्वय से आयोजित इन शिविरों का आयोजन पात्र लाभार्थियों को सहायक उपकरण और संबंधित सहायता सेवाएं प्रदान करने के लिए उनके मूल्यांकन और पहचान की सुविधा हेतु किया जा रहा है। शिविर 22 जून से सुबह 9 बजे से द्वीपों के विभिन्न चिकित्सा केन्द्रों पर आयोजित किए जाएंगे। मूल्यांकन शिविर में आने वाले लाभार्थियों से अपना यूडीआईडी कार्ड, आय प्रमाण पत्र, और आधार कार्ड साथ लाने को कहा गया है। आरवीवाई योजना के तहत आने वाले 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से अपना आधार कार्ड और 15 हजार रुपये से कम मासिक आय दर्शाने वाला आय प्रमाण पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेज साथ लाने का अनुरोध किया गया है। अधिक जानकारी के लिए नोडल अधिकारी या संबंधित सीडीपीओ कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद् ने फोरशॉर रोड, फिनिक्स–बे से चाथम, मेगापोड जंक्शन के पास स्थित भवन में रेस्टोरेंट संचालन के लिए ई निविदा जारी की है। इच्छुक प्रतिभागी ई प्रॉक्योरेमेंट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है। निविदा से जुड़े नियम और शर्तें वेबसाइट पर उपलब्ध है। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि पांच जून दोपहर तीन बजे निर्धारित की गई है। इसके बाद उसी दिन शाम चार बजे तकनीकी बोली खोली जाएगी।

<><><><><><><>

वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती के अवसर पर माई भारत ने चिन्मय मिशन की युवा शाखा, चिन्मय युवा केंद्र के सहयोग से कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में वीर सावरकर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद अध्यक्षा एम. वसंता, मुख्य अतिथि, डॉ. शिव शंकर सिंह विशिष्ट अतिथि और वरिष्ठ अधिवक्ता तुलसी लाल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में वीर सावरकर के जीवन,

देशभक्ति, बलिदान और योगदान पर प्रकाश डाला। इस उत्सव के हिस्से के रूप में, छात्रों और युवा प्रतिभागियों के लिए निबंध और चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जबकि सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

दीनदयाल अंत्योदय योजना–राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत हाल ही में मनारघाट ग्राम पंचायत में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य समुदाय के सदस्यों के बीच संक्रामक रोगों, निवारक स्वास्थ्य देखभाल तथा नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना था। जागरूकता सत्र का संचालन बम्बूफ्लाट प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के परामर्शदाता जी वेंकटेश्वर राव द्वारा किया गया। उन्होंने प्रतिभागियों को एचआईवी–एड्स की रोकथाम और सुरक्षित स्वास्थ्य व्यवहार के महत्व के बारे मे जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों की जांच की गई।

<><><><><><><>